>

Title: Need to conduct an enquiry in to alleged irregularities in construction of National highway No. 6 between Nehru Nagar, Bhilai to Raipur, Chhattisgarh resulting in more than 40 deaths.

श्री देवव्रत सिंह (राजनंदगाँव) : मैं राष्ट्रीय राजमार्ग वाले विषय पर बोलना चाहूंगा।[MSOffice74]

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 छत्तीसगढ़ के मध्य से गुजरता है और राज्य की लगभग आधी आबादी इस राजमार्ग से गुजरती है। इस राजमार्ग पर फोर-लेनिंग का काम किया गया है, नेहरू नगर, भिलाई से टाटीबन-रायपुर के बीच फोर-लेनिंग का काम किया गया है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस राजमार्ग पर कार्य करने वाले ठेकेदार तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही एवं अपूर्ण कार्य किए जाने के कारण विगत चार महीनों में लगभग 40 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, लगभग 150 से अधिक लोग वहां दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और लगभग 50 व्यक्ति वहां गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। अपूर्ण कार्य होने के बावजूद वहां पर टोल टैक्स लेना चालू कर दिया गया और टोल टैक्स के साथ वहां पर पूरी परिवहन व्यवस्था चालू हो गयी है। वहां वृक्षारोपण का जो कार्य किया जाना था, वह नहीं किया गया जिसके कारण वाहनों की तेज रोशनी के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके साथ ही, मार्ग के फोर-लेनिंग करने के बाद उसके साइड में ड्रेनेज सिस्टम को आज भी कवर-अप नहीं किया गया है जिसके कारण कभी भी लोग एवं वाहन उसमें गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

भिलाई, जो हमारे देश का एक बहुत बड़ा आर्थिक केन्द्र है, वहां के लोगों को उसके आर-पार जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके साथ वहां नियमों के अन्तर्गत एक साइडलेन का निर्माण किया जाना था, उसका भी निर्माण नहीं किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और डीएसवाईकॉन कंपनी, जिसने इसका निर्माण किया है, दोनों की लापरवाही के चलते वहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि भिलाई और छत्तीसगढ़ के लोगों के हित में तत्काल इस पर कार्यवाही होनी चाहिए और इसमें सुधार किया जाना चाहिए।